## वीरता को नमन, सेवा का सम्मान

### खबर संक्षेप

#### मकर संक्रांति पर मिठास और स्नेह



**मण्डला।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शासकीय कन्या पुत्री शाला में बच्चियों के लिए स्नेह और संवेदनशीलता से भरा आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने यहाँ पहुंचकर बच्चियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े एवं अध्ययन के लिए शिक्षण सामग्री वितरित की गई। मकर संक्रांति की खुशियों को और भी खास बनाते हुए कलेक्टर ने बच्चियों को तिल के लड्डू भी वितरित किए। बच्चियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखकर विद्यालय परिसर में एक अपनापन और उत्सव का माहौल बन गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बच्चियों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें दुलार किया और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चियों का आत्मविश्वास और शिक्षा ही उनके उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर डीपीसी श्री कुलदीप कठल, श्री कपिल तिवारी, शिक्षकगण एवं बच्चियाँ मौजूद थी।

#### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन IVD केंद्र जुन्नारदेव ने स्वामी विवेकानंद युथ क्लब के माध्यम से विवेकानंद जी की जयंती एवं खेल खुद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्य क्रम का शुभारम्भ भारत माता तथा स्वामी विवेकानंद जी के पूजन, ओमकार गायत्री मंत्र के साथ किया गया। तदुपरान्त कार्य क्रम मे भाषण, सूर्यनमस्कार, दौड़, खो-खो, कब्बडी, चम्मच दौड़, सिलाई आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा सभी विजेताओं को शील्ड, मैडल दे के सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान सुखअमृत जी पारस पूर्व अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ कन्हान , श्रीमान रमेश सनोई जी नगर पालिका अध्यक्ष विशेष अतिथि श्रीमान प्रेम भैंसवार जी महाकौशल प्रांत सहसंगठन मंत्री वनांचल ,श्री कमलेश जिला समन्वयक पैसा एक्ट ,मुख्य वक्ता श्री मान दिलीप वाडिवा केंद्रीय सह योजना प्रमुख एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमान प्रदीप दुबे जी वनवासी छात्रावास व्यवस्थापक प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख, कार्य क्रम के मुख्य वक्ता ने एकल की संकल्पना में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन की कार्य योजना में प्रकाश डालते हुए सभी यूवाओ को संबोधित करते कहा तुम भारत की आस हो।

# सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस पर पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजन का किया सम्मान

**10वें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिले के पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, कमांडेंड 148वीं बटालियन सीआरपीएफ शविक्रांत सारंगपाणी, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम ने शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।**





मण्डला।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री कछवाहा ने सैनिकों के अदम्य साहस एवं राष्ट्रसेवा की सराहना करते हुए कहा कि सैनिक अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपने प्राणों की परवाह किए बिना हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर जवानों का यह साहस और समर्पण हम सभी को गर्व की अनुभूति कराता है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मिश्रा ने उपस्थित पूर्व सैनिकों, उनके परिजनों से संवाद कर उनके योगदान को नमन करते हुए कहा कि देश की सरहदों की रक्षा वीर जवानों के साहस और समर्पण से ही संभव है। पूर्व सैनिकों का त्याग और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा हमेशा प्रेरणादायी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन सदैव पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों के साथ खड़ा है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। राष्ट्र के प्रति यह समर्पण हम सभी के लिए गर्व का विषय है और जिला प्रशासन ऐसे गौरवशाली योद्धाओं को सदैव सम्मान देता रहेगा।

कमांडेंट श्री सारंगपाणी ने जिले के पूर्व सैनिकों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि मंडला जिले में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों का होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। सीआरपीएफ की ओर से सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को सलाम है। कमांडेंट ने पूर्व सैनिकों को बटालियन में आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति हमारे लिए सम्मान की बात होगी।कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार रज्जूलाल मरावी, आर्टिलरी नायक के.के. बैरागी, एयर डिफेंस नंदकुमार यादव, शहीद नायक दिलीप कुमार चंद्रौल, हवलदार रामकुमार ठाकुर, टीएस नायक रविशंकर मरावी, हवलदार श्री जगदीश पटेल, सूबेदार मेजर अब्दुल सलीम, हवलदार प्रेमलाल, नायक रतिराम कछवार, सूबेदार मेजर मो. कासिम तथा रिटा. नायक लक्ष्मीनारायण, एस.पी. पटेल, सिपाही ब्रजेश कुमार कुड़ापे, गणेश प्रसाद झारिया, नायक कमलसिंह भगत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया, अन्य अधिकारी एवं पत्रकारसाथी मौजूद थे। यह दिन भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ, फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा की सेवाओं के सम्मान में मनाया जाता है। साथ ही पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता यह दिवस हमारे उन बहादुर पूर्व सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे वर्ष देश की सुरक्षा में लगा दिए।

## आयुषी ज्वेलर्स, कटरा मंडला डकैती एवं हत्या के प्रयास प्रकरण में 10वें आरोपी की गिरफ्तारी



मण्डला।

थाना कोतवाली मंडला अंतर्गत दिनांक 20.11.2025 को आयुषी ज्वेलर्स, कटरा में हुई अंधी डकैती एवं दुकान संचालक पर फायरिंग की गंभीर घटना की विवेचना मंडला कोतवाली पुलिस द्वारा निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 14.01.2026 को प्रकरण के 10वें आरोपी विष्णु नाथ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2024 में ट्रैक्टर सर्विस कराने मंडला आने के दौरान उसकी पहचान रोहित भारतिया से हुई थी, जिससे लगातार मोबाइल पर संपर्क बना रहा। अक्टूबर 2025 में मंडला बस स्टैंड पर पुनः मुलाकात के दौरान रोहित भारतिया ने उसे बताया कि आयुषी ज्वेलर्स की दुकान एवं मकान में भारी मात्रा में सोना-चांदी रखा है तथा लूट कराने पर अच्छा पैसा मिलेगा। इसके बाद आरोपी विष्णु नाथ ने ग्राम मुरेरकला निवासी पंकज गौर से संपर्क कर योजना बनाई। दिनांक 07.11.2025 को विष्णु नाथ व पंकज गौर मंडला आए, जहां स्थानीय आरोपियों ने दुकान व मकान की रैकी कराई तथा सभी को नर्मदा किनारे स्थित धर्मशाला में रुकवाया गया। अगले दिन सभी वापस लौट गए।दिनांक 24/11/25 को पंकज गौर ने विष्णु नाथ से सुल्तानपुर में मुलाकात कर बताया कि हम लोगों ने आयुषी ज्वैलर्स में लूट कर ली है। लूट के बाद आरोपी को प्राप्त लूट की रकम से 1,500 शेष पाए गए, तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी विष्णु नाथ उर्फ शिंदे, पिता द्वारका नाथ, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम सालेगढ़, थाना सुल्तानपुर, जिला रायसेन शामिल था। जप्त सामग्री में मोबाइल फोन नकद 1,500/-। गिरफ्तार आरोपी को दिनांक 14/01/26 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। अब तक की कार्रवाई आयुषी ज्वेलर्स डकैती प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपी गिरफ्तारी की जा चुकी है शेष विवेचना जारी है ।

## जल सुनवाई अभियान व संकल्प से समाधान अभियान के तहत नगर पालिका मंडला ने किया जल गुणवत्ता परीक्षण



मण्डला।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में नगर पालिका परिषद मंडला द्वारा जल सुनवाई अभियान एवं संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 13 भगत सिंह वार्ड में निकाय के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों से समस्या/शिकायतों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया।

इस दौरान नर्मदा कॉलोनी गार्डन में जल सुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें वार्डवासियों से संवाद कर सुझाव लिए गए। साथ ही अमृत मित्रों द्वारा घर-घर जाकर वॉटर सैंपल एकत्रित कर फील्ड टेस्टिंग भी की गई।




कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री गजानन नाफडे, नगर पालिका परिषद मंडला के अधिकारी/कर्मचारी एवं जल प्रदाय शाखा के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद मंडला द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जल सुनवाई अभियान का आयोजन नगर पालिका टाउनहॉल में प्रातः 11 बजे से 1:30 बजे तक किया जाएगा।



### पतंगबाजी से रस्साकसी तक खेल महोत्सव बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

## पारंपरिक खेल महोत्सव में लौटे बचपन के दिन

मण्डला।

**जिला प्रशासन के तत्वावधान में कुम्भ स्थल पर आयोजित पारंपरिक खेल महोत्सव ने लोगों को बचपन की यादों से जोड़ते हुए उत्साह और उमंग का रंग बिखेर दिया। यह आयोजन जिलेवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां पारंपरिक खेलों का रोमांच और प्रतियोगिताओं की जीवंतता देखने को मिली।**



महोत्सव में पतंगबाजी, गिल्ली-डंडा तथा रस्साकसी जैसे लोकप्रिय खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लेकर माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच हुई रस्साकसी प्रतियोगिता रही, जिसमें दोनों पक्षों ने जोर-आज़माइश करते हुए दमखम दिखाया। इस प्रतिस्पर्धा ने दर्शकों के बीच खूब उत्साह पैदा किया और तालियों की गूंज के साथ आयोजन की रौनक और बढ़ गई।

महोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति और पारंपरिक खेलों को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पारंपरिक खेल महोत्सव में जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्री संस्कार बावरिया सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकारों, बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने भी साथ मिलकर पतंगबाजी की और गिल्ली-डंडा खेलकर बचपन की यादों को ताज़ा किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने बचपन के दिनों को याद कर उन्हें जीना है। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं, साथ ही नई पीढ़ी को भी अपने लोक खेलों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने खेलों का आनंद लिया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में उत्साह, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे और पारंपरिक खेलों का आनंद लिया।

## मकर संक्रांति मेला ट्रेन चलाई गई नागपुर से मंडला राष्ट्रीय रेल्वे संघर्ष समिति के सदस्यों ने किया स्वागत





**स्पेशल ट्रेन का संचालन नर्मदा जन्मोत्सव तक किया जाना चाहिए।**

मण्डला।

मकर संक्रांति स्पेशल ट्रेन (मेला स्पेशल) ट्रेन आज सवेरे दिनांक 14 जनवरी को मंडला फोर्ट पहुंची रवानगी हुई 2 बजे दोपहर में। राष्ट्रीय रेल्वे संघर्ष समिति के सदस्यों की मांग रंग लाई आज भले ही कम सवारी आई मंडला मगर मंडला से नागपुर सिवनी नैनपुर छिंदवाड़ा के यात्री की भीड़ रवानगी में पर्याप्त रही। 17 जनवरी तक चलेगी ट्रेन।

आज रेल्वे संघर्ष समित के सदस्य दोपहर 2 बजे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन मास्टर पायलट का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। और सभी ने मांग की कि ये ट्रेन लगातार चले जाए जिससे आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से फायदेमंद साबित होगी साथ ही आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के हिसाब से बहुत से मजदूर बाहर प्रदेशों में जाते है उनके लिए भी सुविधा होगी।

आज 14 जनवरी मकर संक्रांति स्पेशल ट्रेन के स्वागत के लिए संघर्ष समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों का कहना यह भी रहा कि अभी ये जो मेला ट्रेन चलाई जा रही इसको 17 जनवरी से बढ़ाकर नर्मदा जन्मोत्सव तक चलाया जाए। मां नर्मदा नगरी में नर्मदा जन्मोत्सव एवं संक्रांति में बाहर प्रदेशों जिले से भक्त आते है मंडला महिष्मति नगरी।

## बम्हनीबंजर क्षेत्र में रेत चोरी का मामला, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल



बम्हनीबंजर। बम्हनीबंजर और आसपास के क्षेत्र बरबसपुर ,कातामाल भड़िया, मुगदरा, हिरदेनगर क्षेत्र में अवैध रूप से रेत चोरी किए जाने का मामला लगातार सामने आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के समय ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों से नदियों व खुले स्थानों से रेत का अवैध उत्खनन कर उसे बाहर भेजा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रेत चोरी से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, साथ ही सड़कों की हालत भी खराब होती जा रही है। भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

स्थानीय नागरिकों ने कई बार प्रशासन और खनिज विभाग को इसकी जानकारी दी, बावजूद इसके रेत माफिया बेखौफ होकर अपना काम जारी रखे हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और अवैध रेत उत्खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेता है और बम्हनी बंजर क्षेत्र को रेत चोरी से निजात दिलाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### मासूम पेट की खातिर चल रहे है रस्सियों पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर लग रहा प्रश्न चिन्ह?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है? मगर जिस स्थिति में इस समय मासूम बच्चों को देखा जा रहा है उसे सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारियों की कार्य करने की भूमिका सामने आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिन बच्चों को इस उम्र में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए थी, वह मासूम बच्चें अपने पेट की खातिर रस्सी पर चलते हुए अपने जान को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर यह मासूम सर्कस नुमा नौटंकी का खेल दिखाते अपना पेट पालने के लिये मजबूर देखे जा रहे है? बताया जाता है कि बाहर से आये हुए कुछ लोगों द्वारा जहां लोगों का मनोरंजन करने तथा अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए मासूम बच्चों को रस्सी पर चलाकर अनेक प्रकार के कर्त्तव्य दिखाये जा रहे है जिन्हें लोग देखते हुए जहां ताली बजाकर सबासी प्रदान कर रहे है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से ताली बजाने वालों की भीड़ में मासूमों का जीवन संभारने का जिम्मा निभाने वाले वह अधिकारी भी नजर आते है। इस सबको देखकर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पाता है कि यदि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का यदि सही तरीके से संचालन हो रहा होता तो शायद इन मासूम बच्चों को इस तरह अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये पेट पालने के लिये मजबूर न होना पड़ता?

### म.प्र.शासन का लेख कराते हुए बगैर परमिट दौड़ रहे चार पाहिया वाहन

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** आबादी के बढ़ते दबाव के चलते पूरे जिले मे सड़कों पर दौडने वाले चार पहिया सवारी बाहनों की संख्या भी तेजी से बढ़ती चली जा रही है। इन वाहनों पर नियंत्रण के लिए नियम कायदे बने है, जिनका पालन कराने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है मगर विभागीय सुस्ती के कारण सड़कों पर बगैर परमिट के अनेक टैक्सी धडल्ले से चल रहे है, कभी कभार कागजी खानापूर्ति के लिए एक दो वाहनों का चालान कर दिया जाता है बगैर टैक्सी परमिट के दौड़नें वाले वाहनों की संख्या क्षेत्र में हजारों में है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो यहां पर स्थित अनेक कंपनियों द्वारा अनेक वाहनों को किराया पर ले किया गया है, जिनके किराय से लागने के लिए भी परमिट होना जरूरी होता है मगर बिना टैक्सी परमिट के वाहन मे सवारियों का परिवहन करना सरा सर परिवहन नियमों की अवहेलना है? मगर अक्सर देखा जाता है कि शासकीय कार्यालयों में लगे हुए अनेक वाहनों में म.प्र. शासन का लेख कराते हुए उन्हें किराय के रूप में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियाँ उठाई जा रही है? एक तरफ जहां नियमों के परखच्चे उड़ रहे है। वही दूसरी तरफ टैक्स के माध्यम से सरकार को मिलने वाले राजस्व को भी हानी पहुंच रही है।

नर्मदा तटों पर तटों पर हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी, जहां तहां चलते रहे रहे भर्ता बाटी के आयोजन

# मकर संक्रांति के चलते शहर सहित क्षेत्र में लहराया आस्था का महासागर, तिल दान करते हुये लोगों ने लिया पुण्य लाभ

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

ग्रहों के राजा सूर्यदेव की अगवानी का महा पर्व मकर संक्राति हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता रहा है । इसी के चलते कल बुधवार 14 जनवरी को परम्परागत होने के चलते नर्मदा स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। मकर संक्रांति पर्व के दौरान पूरे दिन मकर संक्रांति का पर्व रहने से दिन भर नर्मदा तटों पर भीड़ का आलम बना रहा और हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन किया गया। मकर सक्रांति के महत्व को लेकर बताया जाता है कि भगवान सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करते है इस दिन को सम्पूर्ण भारतवर्ष में अलग-अलग नामों के साथ, अलग-अलग तरह से मकर सक्रांति पर्व मनाया जाता है। सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में जाने को ही संक्रान्ति कहते हैं। एक संक्रान्ति से दूसरी संक्रान्ति के बीच का समय ही सौर मास है। वैसे तो सूर्य संक्रान्ति 12 हैं, लेकिन इनमें से चार संक्रान्ति महत्वपूर्ण हैं जिनमें मेष, कर्क, तुला, और मकर। सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश का नाम ही मकर संक्रान्ति है। धनु राशि बृहस्पति की राशि है। इसमें सूर्य के रहने पर मलमास होता है। इस राशि से मकर राशि में प्रवेश करते ही मलमास समाप्त होता है और शुभ मांगलिक कार्य हम प्रारंभ करते हैं। इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। शास्त्रों में उत्तरायण की अवधि को देवताओं का दिन और दक्षिणायन को देवताओं की रात कहा गया है। मकर संक्रान्ति के दिन पूर्वजों को तर्पण और तीर्थ स्नान का अपना विशेष महत्व है। इससे देव और पितृ सभी संतुष्ट रहते हैं। सूर्य पूजा से और दान से सूर्य देव की रश्मियों का शुभ प्रभाव मिलता है और अशुभ प्रभाव नष्ट होता है। इस दिन स्नान करते समय स्नान के जल में तिल, आंवला, गंगा जल डालकर स्नान करने से शुभ फल प्राप्त होता है। इस प्रकार से इस वर्ष सक्रांति पर्व प्रथम पूज्य भगवान गणेश के प्रिय दिवस बुधवार के दिन पड़ने के चलते जहां इस पर्व को शहर और क्षेत्र के गांवो में आस्था के माहौल में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र में आस्था, धर्म के प्रति श्रद्धा का महासागर लहराता हुआ प्रतीत हो रहा था। मकर संक्राति पर्व मंगलवार को होने की स्थिति में उसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाने के कारण क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लोगों ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये माँ नर्मदा का पूजन अर्चन किया गया जिसके चलते दिन भर माँ नर्मदा जी के तटों पर भीड़ भाड़ का आलम देखने मिला तो इसी प्रकार का हाल आज भी देखने मिलेगा। क्योंकि मकर सक्रांति पर्व आज भी बताया जाता है जिसके चलते कुछ लोगों द्वारा आज भी मकर सक्रांति मनाई जावेगी। इस तरह क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लगे हुये मेले के आयोजन का लेकर जहां नर्मदा तटो पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रशासन के अधिकारियों के पैनी नजर रही और क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों से लेकर नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित समीपस्थ थाना सांईखेड़ा थाना प्रभारी साथ साथ सिहोरा चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लगातार भ्रमण करते हुये देखे गये। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष क्षेत्र के मकर संक्राति के मौके पर कही से भी कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली है। ज्ञात हो कि बीते हुये लगातार कुछ वर्ष पहले जिस प्रकार गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले लिंगा खुर्द नर्मदा घाट पर डूबने की घटनाये सामने आ रही थी इस बात को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुये इस वर्ष इस घाट पर विशेष नजर रखते हुये चौकसी रखी गई है। इस तरह देखने मिला कि मकर सक्रांति के मौके पर नर्मदा तटों पर जहां दिन भर बाटी भर्ता के आयोजन चलते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर क्षेत्र के कोठिया, शोकलपुर व झिकोली घाट पर जहां क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी के स्नान करते हुये पूजन किया यही हाल आज भी देखने मिलेगा। मगर वही नर्मदा के अनेक तटों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिये किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नही किये जाने के कारण लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये देखा गया..? बताया जाता है कि मकर संक्राति से शिशिर ऋतु की समाप्ति तथा बसंत ऋतु के आगमन की आहट मिलने से वातावरण काफी खुशनुमा माना जाता है, जिसके चलते कल बुधवार की सुबह से ही नगर में लोगों के घरों में संक्राति पर्व मनाने की हलचले शुरू हो गयी थी तथा ईश्वर की पूजा, अर्चना करने के बाद लोगों द्वारा दान पुण्य का सिलसिला शुरू हो गया था। क्योंकि मकर संक्राति का पर्व आज भी होने के चलते लोगों ने घरों में संक्राति पर्व पर बने गुड़ के व्यंजन, दाल बाटी खाकर युवा, बच्चे आनंदित होते हुये देखे गये तथा नगर के मंदिरो में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ देखने मिला। सुबह 10 बजे लोगों ने क्षेत्र के मॉ नर्मदा घाटो पर पहुँचकर हजारो श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा जी में स्नान करने बाद पंडितो को दान देने के साथ ही दाल बाटी खाने का सुख प्राप्त करते हुए मॉ नर्मदा से जय घोष से रेवा तटों को गुंजायमान कर दिया। वही दूसरी ओर मकर संक्राति की शुभ बेला में डमरूघाटी के शिवधाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी देखी गयी। इस तरह मकर संक्राति के दौरान नर्मदाजी के घाटो में दाल बाटी, अगरबात्तियों, नारियलों की महक मॉ नर्मदा की लहरो में घुल रही मालूम पड़ रही थी और चहुँओर खुशियों का माहौल देखने में आ रहा था। वही ज्योतिषाचार्यो ने हरिभूमि को बताया कि मकर संक्राति से सूर्य की कांति में परिवर्तन शुरू हो गया है, वे दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर अभिमुख हो गए है। उत्तरायण से अब राते छोटी और दिन बड़े होने लगगें। इस मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटो पर भीड़ का आलम देखने मिला वही दूसरी ओर इस मौके पर वाहन चालको द्वारा अपनी चांदी काटने के चक्कर में जहां वाहनों को ओवर लोडिंग सबारी भरते हुए आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ भी किया। इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक मार्गो पर देखने मिली, जहां पर दौड़ रही मैजिंक गाड़ियों से लेकर आटो में इनती सबारी भरी हुई थी कि लोग उनमें बैठने की जगह लूमते हुये देखे जा रहे थें। कुछ इसी प्रकार का हाल ट्रेक्टर ट्रालियों का देखने मिल रहा था। मगर धन्य है क्षेत्र की पुलिस प्रशासन जो आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ होने के बाद भी अपनी आंखे बंद करते हुए किसी बड़ी घटना को इंतजार करते हुए नजर आ रहा था। वही कुछ इसी प्रकार का हाल आज भी देखने मिलेगा? क्योंकि मकर सक्रांति बुरकी का शुभ मुहुर्त होने से आज भी नर्मदा तटों पर भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।






## प्रतियोगिता का पहला मैच दिल्ली टीम ने चंडीगढ़ को पराजित करते हुये जीता, अतिथियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुराने काले खेल मैदान पर आयोजित की जा रही अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ बीते हुये बुधवार मकर संक्रांति के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, भाजपा पिछडा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राव संदीप सिंह, भाजपा मंडल चंद्रकांत शर्मा, सभा पति आनंद दुबे, सुरेन्द्र गुर्जर सतीश कौरव सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में बल्ला घुमाने के साथ किया गया। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता का पहला मैच देश की राजधानी दिल्ली व चंडीगढ़ टीमों के बीच खेला गया। टांस जीत कर पहले गेंदबाजी का निर्णय लेते हुये दिल्ली की टीम द्वारा बल्लेबाजी के लिये पहले चंड़ीगढ़ को आमंत्रित किया गया था। इस प्रकार से चंडीगढ़ टीम द्वारा पहले बल्ले बाजी करते हुये अपने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 6 विकेट खोकर 151 रन बनाये गये थें। वही जब चंडीगढ़ टीम द्वारा जीत के लिये दिल्ली टीम को दिये गये 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिये मैदान पर उतरी तो उसने मात्र 19 ओवर में अपने 7 विकेट खोकर लक्ष्य को पूरा करते हुये प्रतियोगिता का पहला मैच जीत लिया। इस मैच में अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करने वाले मयंक जैन जिसने 43 गेंदो का सामना करते हुये 57 रन बनाये जाने पर मैन आफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया।





## मकर संकांति की खुशिया बदली मातम में, बेलागम डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** क्षेत्र की सड़को पर दौड़ रही बेलगाम डम्फरों की स्थिति इस तरह से देखने मिल रही है कि वह क्षेत्र वासियों के किस त्यौहार को कब मातम में तब्दील कर देवे इसका कोई भरोसा नही रहा है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई कल बुधवार को समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा के पास उस समय देखने मिली जब तेज गति से भागते हुये जा रहे एक डम्फर ने दो मोटर साईकिल सबारों को कुचल दिया गया जिसके चलते एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तो दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस तरह मकर संक्रांति के अवसर पर घटित हुई घटना के चलते जहां लोगों के घरों में मकर संक्रांति की खुशिया मातम में तब्दील होने से नही चूक पाई वही लोगों में आक्रोश पैदा होने के चलते घटना का विरोध प्रदर्शन करने से नही चूके। बताया जाता है कि चीचली थाना के अंतर्गत ग्राम खैरी टूडनी निवासी नर्मदा प्रसाद उर्फ मोटू पिता लखत सिंह ठाकुर उम्र 38 साल अपने साथी नवल पिता रवि ठाकुर उम्र 35 साल के साथ मोटर साईकिल से कही जा रहे थें। इस दौरान ग्राम बारहाबड़ा के पास डम्फर क्रमांक एम पी 15 एच ए 1607 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपने डम्फर को चलाते हुये बाइक सवारों को टक्कर मार दी गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि जहां मोटर साइकिल पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गई। वही नर्मदा प्रसाद की घटना स्थल पर मौत हो गई तो उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस तरह मकर संक्रांति के पावन पर्व पर घटित हुई घटना के चलते लोगों में रोष व्यप्त होने से नही चूक पाया तो दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते हुये क्षेत्र की पूर्व विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटैल तथा समाज सेवी सुरेन्द्र पटैल मझले भैया भी तुरंत मौके पर पहुंचकर मृतक के परिवार जनों के बीच खड़े हुये नजर आये। इस तरह ग्रामीणों द्वारा मौके पर डम्फर को रोकने के चलते मौके पर भीड़ एकत्र होने के चलते चीचली थाना प्रभारी व नायब तहसीलदार नितिन राय भी मौके पर पहुंच गये थें। इस तरह सुनीता पटैल द्वारा अधिकारियों के समक्ष आरोपी डम्फर चालक पर कार्यवाही की मांग करने के साथ साथ मृतक परिजनों के लिये सहायता के लिये अधिकारियों को कहा गया। इस तरह क्षेत्र की सड़को पर चल रहे डम्फर के प्रबंधन द्वारा अधिकारियों के समक्ष मृतक के परिवार को डेढ़ लाख रूपया तथा घायल का संपूर्ण इलाज कराने का भरोसा दिया गया। वही मृतक के परिवार जनों को क्षेत्र की जननेत्री सुनीता पटैल व अधिकारियों की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को डेढ़ लाख रूपया सहायता पहुंचाई गई। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। इस तरह घटित हुई घटना के चलते जहां एक गरीब के परिवार की खुशिया मातम में बदल चुकी है। वही दूसरी ओर घटना को लेकर जिस तरह क्षेत्र के लोगों में रोष देखने मिला यदि समय पर सुनीता पटैल नही पहुंची होती तो निश्चित लोगों की गुस्सा बिकराल रूप धारण करने से नही चूक पाती।






## असुरक्षित स्टेशन पर बढ़ी समस्याएं, देर रात तक रहता है असामाजिक तत्वों का बोलबाला

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आये दिन जिस प्रकार से रेल पुलिस द्वारा चोरों व लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले वाहरी आरोपियों को पकड़ते हुए जिस प्रकार से अखबरों की सुर्खियों में छाने का प्रयास किया जाता है मगर रेल पुलिस की इस सफलता पर प्रश्न चिन्ह उस समय देखने से नही बच पाता है जब नगर की रेल्वे स्टेशन पर फैली हुई अव्यवस्थाओं के बीच रेल यात्रियों को दहशत में देखा जाता है। ज्ञात हो कि यहां के रेल्वे स्टेशन से शहर सहित दो से अधिक विकासखंडों के दायरे में आने वाले लगभग 200 गांवों से से लेकर दूसरे यानि की रायसेन जिले के यात्री भी यही से रेल यात्रा करने के लिए पहुंचते है। इस प्रकार से सैंकड़ों यात्री प्रतिदिन अपने कारोबार के सिलसिले में जबलपुर सहित अन्य स्थानों में अपडाऊन करते हैं । बावजूद इसके रेल यात्रियों को स्टेशन पर बहुत कम सुविधाएँ मिलते हुए देखी जा रही है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इन रेल यात्रियों की सुरक्षा पूर्णरूप से भगवान भरोसे ही चल रही है। क्योंकि रेल्वे पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान न देने की स्थिति में नगर के रेल्वे स्टेशन की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि रात के समय प्लेट फार्म पर खुलेआम आसामाजिक तत्वों को भ्रमण करते हुए देखा जाता है जो आये दिन रात के समय प्लेट फार्म पर बैठी हुई या फिर ट्रेनों का इंतजार करने वाले मुसाफिर खाने में सो रही महिलाओं के साथ अभद्रता करने से भी नही चूकते है। वही कभी कभी तो स्थिति इस प्रककार से भी देखी जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर रेल यात्रियों का समान पार होने से भी नही चूकता है। इस प्रकार से रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने के कारण रेल यात्री लगातार दहशत में दिखाई दे रहे है। वही बताया जाता है कि अप और डाऊन प्लेटफार्मों की बाउन्ड्री बाल टूटने से स्टेशन पर असामाजिक तत्वों की कारगुजारियाँ के चलते रात के समय महिलाओं का यहां पर रूक पाना मुश्किल जान पड़ रहा है वे अपने आप को असुरक्षा का भी अहसास करते हुए देखी जा रही है। यदि रेल पुलिस की बात की जावे तो कभी काल ही यहां पर आन डियूटी पुलिस कर्मी नजर आते है? यह बात जरूर है कि रेल पुलिस कर्मी आन डियूटी के प्लेट लगाकर स्टेशन की जगह शहर की गलियों में जरूर नजर आते है, जिसके चलते रेल डियूटी चार्ट में तो रेलवे स्टेशन की सुरक्षा दिखाई देती है मगर हकीकत कुछ और ही बनी हुई है।




## ओशो सन्यासियों ने देखे नगर के दर्शनीय स्थल

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में आये दिन देखा जाता है कि ओशों के भक्तों का आना होता रहता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस भी ओशों भक्तों का नगर में आगमन हुआ। बताया जाता है कि ओशो सन्यासियों के ग्रुप जिसमें लगभग पचास सन्यासी नेपाल और सिक्कम से यहाँ आये हुये थें। इस दौरान उन्होंने ओशो की बाल क्रीड़ा स्थली के आलवा ओशो लीला आश्रम में बने मृत्यु बोध स्थल सहित ओशो के घर प्रभु निवास, नये बस स्टैंड पर बनी बाबली, ओशो की प्रायमरी स्कूल की शिक्षा जहां हुई उसमें शामिल मुख्य रूप स नगर के गंज स्कूल, ओशो ने मिडिल स्कूल की शिक्षा प्राप्त की गई थी वह संस्था आदर्श स्कूल को देखने पहुंचे। बताया जाता है कि इस दौरान ओशों सन्यासियों द्वारा नगर के सार्वजनिक पुस्तालय लायब्रेरी जहां से ओशो एक दिन में तीन बुक ले जाकर पढ़ा करते थे। बताया जाता है कि यहां पर आज भी ओशो के विभिन्न दस्तखत की हुई किताबें रखी हुई है जिनको उन्होंने देखा गया।



## अपने साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी पहुंचाते है खतरा, प्रशासन की चुप्पी पर खड़े हो रहे सवाल

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात में सुधार लाने की बात को लेकर चालानी कार्यवाही करते हुये देखा जाता है, जिसमें अनेक इस प्रकार के लोगों के खिलाफ भी पुलिस द्वारा अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है जो किसी भूलवस अपने वाहनों के जरूरी कागज घरों पर भूल जाते है और उन्हें पुलिस की इस कार्यवाही का शिकार होना पड़ता है? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस द्वारा उन लोगों को पूर्णरूप से नजर अंदाज कर दिया जाता है जो एक बाइक पर तीन की जगह खुलेआम चार चार लोग बैठते हुये जहां यातायात नियमों की धज्जिया तो उडाते हुये देखे ही जाते है साथ ही साथ अपनी व दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? इस बात की सच्चाई बीते दिवस नगर के मुख्य बाजार में उस समय देखने मिली जब एक बाईक पर चार लोग बैठते हुये पुलिस थाने के ठीक सामने से निकलकर बाजार तक पहुंच गये पर पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात तो दूर उन्हें रोककर हितायद देना भी जरूरी नही समझा? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि इस प्रकार के वाहनों के माध्यम से कोई सड़क घटना घटित हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्योंकि इस प्रकार से वाहनों के संचालन को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि वाहन चालक खुद के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है, मगर इसके भी पुलिस द्वारा इस सच्चाई को जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होना आम बात होता जा रहा है।



## कृषि संबंधी जानकारियों के अभाव में शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाते हैं कृषक

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र सरकार द्वारा किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अनेक किसान हितैषी योजनाएं चलाते हुए उनका भला किया जा रहा है। इस प्रकार से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के चलते क्षेत्र के किसानों को हर्ष होता है कि उनका मुखिया शिवराज सिंह चौहान हैं, मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो कृषि विभाग उनकी विश्वसनीयता को कम कर देते हैं, क्योंकि इस विभाग में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं की समय पर जानकारी नही मिल पाने के कारण वह इन योजनाओं का लाभ नही उठा पाते है। वही मिल रही जानकारियों के अनुसार क्षेत्र के अनेक ग्रामों में पदस्थ ग्राम सेवको की स्थिति इस प्रकार से रहती है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करने की बात तो दूर उनके क्षेत्र में किसानों को दर्शन तक नही होते है जिसको लेकर यह बात कही जावे कि किसान उन्हें पहचानते तक नहीं हैं, किसानों का कहना है कि आखिर हमें जानकारी देने का जिम्मा किसके हाथ में है..? आखिर क्यों नहीं आते कृषि विभाग में पदस्थ अधिकारी उनके गांवों में क्यों सरकार द्वारा उन्हें सिर्फ अपने आफिसों में बैठने के नाम पर ही तान्खाहा दे रही है? क्यों नहीं करते जनसंपर्क, कौन देगा हमें जानकारी, कैंसे मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ, यह सवाल सभी किसानों को परेशान किए हुए हैं? क्योंकि अधिकांश ग्राम सेवको का कार्यालय शहरों में है जहाँ उन्हें खोजना एक कठिन कार्य होता है, गाँव में उन्हें कभी देखा ही नहीं? म.प्र. कृषि विभाग ने टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराया है जहाँ बैठे वैज्ञानिक हमारे यहाँ के वातावरण से अंजान हैं और इसीलिए वो सही उपचार नहीं बता पाते और किसान उनके बताए अनुसार उपचार तो करता है लेकिन उससे कोई फायदा नहीं होता, जिले के कृषि विभाग से माँग की गई है कि ग्राम में ग्राम सेवक को ग्राम का दौरा करने के निर्देश दें जिससे किसानों को अपनी समस्या से निदान मिल सके।

**खबर संक्षेप**

### फ़िल्टर प्लांट की व्यापक सफ़ाई, पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने की पहल



**शहपुरा।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर परिषद शहपुरा अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत शारदा टेकरी स्थित फ़िल्टर प्लांट की व्यापक साफ़-सफ़ाई कराई गई। यह कार्य नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीना राठौर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। साफ़-सफ़ाई कार्य के दौरान जलप्रभारी आनंद अग्रवाल की उपस्थिति रही। साफ़-सफ़ाई का कार्य किया गया, जिसमें फ़िल्टर प्लांट के साथ-साथ पूरे वॉटर ट्रीटमेंट सिस्टम की गहन सफ़ाई की गई। इस प्रक्रिया का उद्देश्य नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना तथा जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। नगर परिषद द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की नियमित निगरानी एवं रखरखाव कार्य किए जाने से जल गुणवत्ता में सुधार होगा और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

### हनुमान टेकरी में 24 घंटे का श्रीराम कीर्तन प्रारंभ



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर के नजदीकी ग्राम पंचायत रामगढ़ स्थित हनुमान टेकरी हनुमान मंदिर में मकर संक्रान्ति पर्व के सुअवसर पर 14 जनवरी से 15 जनवरी तक 24 घंटे श्रीराम कीर्तन का आयोजन किया गया हैं। इस दौरान रामायण पाठ एवं श्रीराम कीर्तन समापन अवसर पर आज गुरुवार को हवन व विशाल भंडारा भी आयोजित की गई हैं। जिसमें सभी आसपास गांवों के श्रृद्धालु भक्तजन आयोजित श्रीराम कीर्तन में शामिल होकर धर्म लाभ उठाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील समस्त रामगढ़, बांकाटोला ग्रामवासियों द्वारा किया गया हैं। ज्ञातव्य होवे कि हनुमान मंदिर में विगत कई वर्षों से निरंतर सप्ताह के हर शनिवार को ग्रामवासी एवं आसपास गांवों के श्रृद्धालु जनों के सहयोग से रामायण का आयोजन किया जा रहा हैं।

### अतुल जैन बने जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष



**डिंडौरी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश और जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय चंदेल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी विवेक सिंह तोमर ने अतुल जैन को जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ डिंडौरी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विदित होवे की अतुल जैन समाज सेवा से जुडे हैं और देवदूत रक्तदान परिवार के संचालक हैं। इनकी नियुक्ति पर सभी ने शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।



# नर्मदा नदी में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, तटों पर मेले और धार्मिक अनुष्ठान

**डिंडौरी।** मकर संक्रांति के पर्व पर जिले भर में नर्मदा नदी के तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने आस्था की डुबकी लगाई। बुधवार को तड़के से ही श्रद्धालु नर्मदा तटों पर जुटने लगे थे। स्नान, पूजा अर्चना और तिल-खिचड़ी दान करने के बाद भक्तों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर नर्मदा तटों पर मेले भी सजे, जहां लोगों ने जमकर खरीदारी की और परंपरागत रूप से पतंग उड़ाकर त्योहार की खुशियां मनाईं। डिंडौरी के प्रमुख घाटों जैसे डेम घाट, इमलीकुटी घाट, शनि घाट, जोगी टिकरिया घाट और रामघाट सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या रही। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात था, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।





### नर्मदा सिवनी संगम में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई

जिले के करंजिया विकासखंड के गोरखपुर में स्थित नर्मदा-सिवनी संगम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के दिन आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर दोनों तटों पर धार्मिक मान्यताओं के तहत दिनभर भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। साथ ही एक दिवसीय मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने तिल और खिचड़ी का दान कर पुण्य कमाया। इस दौरान मेले में जगह-जगह दुकानों की भी भीड़ देखी गई, जहां लोग खरीदारी करने में व्यस्त थे।

शहपुरा के मालपुर घाट में भी आयोजित हुआ मेला

इसी प्रकार, जिले के जनपद शहपुरा अंतर्गत मालपुर घाट में भी श्रद्धालुओं ने कन्हैया संगम में आस्था की डुबकी लगाई। यहां आयोजित मेला पहले 15 दिनों तक लगता था, लेकिन अब यह मेला 5 दिन ही चलता है, फिर भी दूर-दूर से लोग मेला देखने और खरीदारी करने पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने खिलौने, महिलाओं और युवतियों ने सौंदर्य प्रसाधन सामग्री खरीदी। वहीं, लोग घाट के किनारे बने स्टॉल्स से भोजन और खिचड़ी का आनंद भी लेते रहे।

### मेंहदवानी के कुटरई और कोसमघाट में भी आयोजित हुआ मेला

जनपद मेंहदवानी के कुटरई और कोसमघाट में भी मकर संक्रांति के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां नर्मदा के दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल में तिल मिलाकर स्नान किया और तिल के लड्डू दान किए। कुटरई में भी मेला का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ स्थानीय मिठाइयों का भी स्वाद लिया। मेला में महिलाओं ने मनिहारी सामान, जैसे बिंदी, चूड़ी, कंगन आदि खरीदी। यहां भी सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।समग्र रूप से मकर संक्रांति का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें श्रद्धा, आस्था और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह पर्व न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी इसका विशेष महत्व है, जो हर वर्ग और उम्र के लोगों को जोड़ता है।

# जिला अस्पताल में बर्न और सर्जिकल वार्ड की व्यवस्था जल्द, हेल्थ मूल्यांकन टीम ने किया निरीक्षण





**डिंडोरी।** जिले के जिला अस्पताल में जल्द ही बर्न और सर्जिकल वार्ड की अलग से व्यवस्था की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और मरीजों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से भोपाल से आई कायाकल्प मूल्यांकन टीम ने अस्पताल का दौरा किया और इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।टीम ने अस्पताल के परिसर में सफाई व्यवस्था, स्वच्छता मानकों, और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहराई से निरीक्षण किया। इस दौरान बर्न और सर्जिकल मरीजों के संक्रमण से बचाव के लिए दो अलग-अलग वार्ड बनाने की योजना पर भी चर्चा की गई। यह कदम संक्रमण की संभावना को कम करने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है।

कायाकल्प टीम का नेतृत्व डॉ. अंशुल शर्मा और शुभ्रा कुशराम ने किया। इस निरीक्षण में सिविल सर्जन डॉ. रमेश मरावी, डॉ. धर्मवीर मार्को, अस्पताल प्रबंधक योगेंद्र उइके और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। टीम ने ओपीडी, वार्ड, इमरजेंसी, शौचालय, गलियारे सहित अस्पताल के 9 वाड्र्स की स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन किया।टीम ने अस्पताल में सफाई, कचरा निस्तारण, बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन और पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। साथ ही, टीम ने अस्पताल प्रशासन को नियमित निगरानी रखने और समय-समय पर सफाई अभियान चलाने की सलाह दी, ताकि अस्पताल में स्वच्छता का स्तर निरंतर बना रहे।अस्पताल प्रशासन ने टीम को जानकारी दी कि मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सफाई कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है और संक्रमण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही, मरीजों और स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं।अस्पताल प्रबंधन इन निर्देशों के अनुसार बर्न और सर्जिकल वार्ड की व्यवस्था शीघ्र लागू करेगा, जिससे अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और भी सुधार होगा।

# शासकीय महाविद्यालय बजाग में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न, युवा प्रतिभाएँ हुई सम्मानित



**डिंडौरी।** सुदूर बैगाचक वनांचल क्षेत्र में स्थित व संचालित उच्च शैक्षणिक संस्थान शासकीय महाविद्यालय'बजाग में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, एवं भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प माला अर्पित किया गया तथा महाविद्यालयीन छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का सस्वर वाचन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे अतिथिगणों का स्वागत - सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योति प्रकाश धुर्वे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, विशेष अतिथि स्नेहलता ठाकुर, वैभव चौरसिया जनभागीदारी अध्यक्ष नीरज मुझवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिभा सम्मान समारोह उपस्थित श्रीमती धुर्वे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को सशक्त बनाती हैं और उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करती हैं। आज विश्व प्रणेता व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन के दिन महाविद्यालय द्वारा किया गया यह आयोजन न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले बजाग के सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सार्थक पहल भी है। जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय ज्ञान प्रकाश को विश्व पटल पर फैलाया और युवाओं में राष्ट्र समर्पण तथा जीने की नई राह दिखाई थी उनका अनुसरण करने की जरूरत हैं। स्वामी विवेकानंद जी का जीवन दर्शन ही सबके लिए सीख का माध्यम हैं स उन्होंने हमेशा युवाओं को अपने जीवन का उद्देश्य समझने, आत्म-ज्ञान प्राप्त करने और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा दी। ज्योति प्रकाश धुर्वे ने कहा कि स्वामी जी के अनुसार, युवा शक्ति वह आधार है, जो समाज में बदलाव ला सकती है। स्वामी विवेकानंद जी के विचारों और आदर्शों से सभी युवा परिचित हों एवं उन्हें अपने जीवन में लागू करें। विवेकानंद जी ने लक्ष्य प्राप्ति पर जोर दिया, आपकी ऊर्जा अच्छे विचारों की क्रांति में लगनी चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार कुशवाह ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत वास्तव में महापुरुषों की भूमि है त्याग, ज्ञान और योगदान से समृद्ध है, स्वामी विवेकानंद और हमारे भगवान बिरसा मुंडा जी जिन्होंने देश को एकता, विविधता, और आध्यात्मिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाया और जिनकी शिक्षाएं आज भी विश्वभर के लोगों को प्रेरित करती हैं। ये महापुरुष न केवल अपने कार्यों से, बल्कि अपने सादा जीवन और राष्ट्र-निष्ठा से भी एक अमूल्य विरासत छोड़ गए हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रतिभावान विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य और आमंत्रित मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि तथा उपस्थित समस्त अतिथियों के हस्ते विभिन्न पुरस्कारों (शील्ड व प्रमाणपत्र) से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक व स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दुर्गाप्रसाद गुप्ता ने उक्त आयोजन के विषय में सारगर्भित पक्ष रखते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करने अपनी बातें रखी।

# प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा डिंडोरी का वार्षिक सम्मेलन 9 फरवरी को

**डिंडोरी।** प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा डिंडोरी का वार्षिक सम्मेलन आगामी 9 फरवरी, सोमवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में 13 जनवरी को आयोजन समिति के संयोजक राज नारायण दीक्षित की अध्यक्षता में जिला शाखा के शिष्टमंडल द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण एवं चर्चा की गई, जिसके पश्चात जिला मुख्यालय स्थित कोणार्क मैरिज गार्डन को आयोजन स्थल के रूप में अंतिम रूप से चयनित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधौलिया उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री से सम्मानित जिले के वरिष्ठ पेंशनर अर्जुन सिंह करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जगदीश प्रसाद चौबे (दमोह) शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय संयोजक श्रीमती माया रानी चौहान (कटनी), वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी (रीवा), प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं शहडोल संभागीय अध्यक्ष रामनाथ प्यासी, प्रांतीय निकाय के विधि प्रभारी एवं जबलपुर संभागीय अध्यक्ष व्ही. पी. शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन में विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्षों की सहभागिता भी सुनिश्चित हो चुकी है, जिनमें सागर से नर बहादुर राजपूत, कटनी से डॉ. के. एल. सोनी, जबलपुर से डॉ. अरुण पाण्डेय, शहडोल से पी. सी. गुप्ता, अनूपपुर से शम्भू प्रसाद शर्मा तथा मंडला जिला शाखा के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन शामिल हैं।संस्था की ओर से बताया गया कि सम्मेलन की अंतिम रूपरेखा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर तय की जाएगी। इस बीच कार्यक्रम से संबंधित सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। आयोजन समिति के सदस्यों से अपेक्षा की गई है कि वे आयोजन समिति के संयोजक राज नारायण दीक्षित से निरंतर संपर्क बनाए रखें।

# शहपुरा में शारदा टेकरी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**शहपुरा।** डिंडोरी जिला के नगर परिषद शहपुरा अंतर्गत शारदा टेकरी स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सोमवार, 12 जनवरी 2026 को उपयंत्री रितिका मेरावी द्वारा विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराना रहा। निरीक्षण के दौरान प्लांट परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए प्रयोगशाला में जल गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न परीक्षण किए गए, जिनमें जल की शुद्धता, क्लोरीन स्तर एवं अन्य मानकों की जांच शामिल रही। उपयंत्री ने जल शोधन प्रक्रिया, मशीनों की कार्यप्रणाली एवं जल



भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जल आपूर्ति से पूर्व सभी आवश्यक परीक्षण अनिवार्य रूप से किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही से नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। साथ ही प्लांट में साफ-सफाई, उपकरणों के रखरखाव एवं रिकॉर्ड संधारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान यह भी कहा गया कि नियमित अंतराल पर जल गुणवत्ता की जांच की जाए और मानकों के अनुरूप ही जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर परिषद द्वारा पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरंतर निगरानी और सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे नगरवासियों को निर्बाध एवं सुरक्षित जल आपूर्ति मिल सके।

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी जागरण मंच की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्वदेशी जागरण मंच जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका परिषद सभागार में संपन्न हुई। बैठक में 5 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने कहा कि स्वदेशी का उपयोग ही आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से देश की आर्थिक मजबूती के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि भारत शीघ्र ही स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के माध्यम से विकसित राष्ट्र बनेगा। बैठक के उपरांत जिला टोली का विस्तार किया गया। बैठक में विभाग संगठन मंत्री आकाश, जिला संपर्क प्रमुख उपेंद्र काले, जिला संयोजक प्रो. सतीश दुबे, मेला संयोजक उदय ठाकुर, सह संयोजक नीरज दुबे, संजय तिवारी, पंकज चैकसे, विनीत नेमा, मीडिया संयोजक प्रभात उदेनिया, मीडिया सह संयोजक रोहित मेहरा, अंकुर राजपूत, पीयूष नेमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले का आयोजन 19 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जीएसटी बचत उत्सव कार्यशाला एवं युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 19 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा। स्वरोजगार योजनांतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराए गए ऋण वितरण एवं निजी क्षेत्र के फर्म कंपनियों द्वारा रोजगार उपलब्ध कराए गए आवेदकों को ऑफर लेटर वितरित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम के पूर्व सुव्यवस्थित तैयारी एवं सफल आयोजन के लिए कार्यालय प्रमुखों को दायित्व सौंपने का आदेश जारी किया है।

### भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आज बरमान रेता घाट में

**तेंदूखेड़ा** विगत कई वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार ब्रह्माण्ड घाट मेला के दौरान मकर संक्रांति पर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के आमने-सामने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होते हैं।पहले सत्ता पक्ष बाद में विपक्ष के नेता भाषणों के माध्यम से पार्टियों की कमियों और योजनाओं के बारे में उल्लेख किया करते हैं। आज कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने जिला ब्लाक मंडलम सेक्टर सेवादल और युवक कांग्रेस महिला कांग्रेस एन एस यू आई अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग अल्पसंख्यक सभी बूथ स्तर के सभी प्रतिनिधियों के कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की गई है।इसी तरह से दोपहर एक बजे से भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने क्षेत्र के सभी मंडलों के पदाधिकारियों एवं जिला पंचायत ब्लाक सदस्यों जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील की गई है।

### नहीं रहीं विद्या देवी

**तेंदूखेड़ा** । विगत दिवस देवरी राजमार्ग के भाजपा के वरिष्ठ नेता रामदयाल परोसी की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या देवी पटेल का निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।विद्या देवी अशोक राजकुमार परोसी की पूज्य माता जी थीं।

### नहीं रहे रामकिशोर गुप्ता

तेंदूखेड़ा। प्रतिष्ठित गुप्ता परिवार के पहलवान गुप्ता अनुज गुप्ता के पूज्य पिता रामकिशोर गुप्ता का दुखद निधन हो जाने पर सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

### फुआरा चौक पर स्थायी प्रवेश द्वार निर्माण की उठी मांग

**गोटेगांव।** नगर की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगरवासियों ने फुआरा चौक पर भव्य एवं स्थायी प्रवेश द्वार निर्माण की मांग को लेकर नगर पालिका को ज्ञापन सौंपा। यह प्रवेश द्वार धार्मिक क्षेत्र झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम पहुंच मार्ग पर प्रस्तावित है, जो नगर की धार्मिक गरिमा का प्रतीक बनेगा। इसी मार्ग पर श्री श्री बाबाश्री का सत्य सरोवर आश्रम भी विद्यमान है।

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी मकर संक्रांति पर हुए विविध आयोजन






**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस मकर संक्रांति पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा में डुबकी लगाई। मकार संक्रांति की पावन पर्व पर धार्मिक नीति नियमों के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्य मकर राशि मे प्रवेश करता है और शुभ मुहूर्त पर मां नर्मदा मे डुबकी लगाने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। माना जाता है कि पवित्र नदियों मे स्नान कर तिल का दान करने से संकटों से छुटकारा मिलता है इसी क्रम में बुधवार को लाखों की संख्या मे भक्तों से मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर पहुंचकर डुबकी लगाकर कल्याण की कामना की तथा मेले का लुफ्त उठाया। वही जिले के कुछ श्रद्धालु स्नान करने के लिये प्रयागराज संगम भी पहुंचे। बच्चों ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति का आनंद लिया।

### मंदिरों मे रही भीड़

मकर संक्रांति पर मां नर्मदा के किनारे बने सभी मंदिरों सहित सभी मंदिरों मे विशेष साज सज्जा की गई तथा मंदिरों मे भक्तों की भीड़ अनवरत बनी रही। भक्तों द्वारा मंदिरों मे विविध पकवानों का भोग अर्पित कर अपनी कामना रखी। वही मकर संक्रांति पर्व पर पतितपावनी मां नर्मदा नदी में स्नान करने जिले के प्रमुख नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। सर्वाधिक भीड़ बरमान के रेताघाट, सीढ़ीघाट एवं सतधारा पर रही। इसके अलावा झांसीघाट, सांकलघाट, चिनकी व समनापुर घाट, झिकौली घाट में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां उन्होंने पावन स्नान के बाद पूजा पाठ के साथ अन्नदान कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

### झिरना में लगा मेला

मकर संक्रांति के पर नगर के झिरना क्षेत्र मे मेले का आयोजन किया गया। आयोजन समिति द्वारा बताया कि बीते कई वर्षो से मकर संक्राति पर मेले का आयोजन किया जाता था इसी क्रम में इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों द्वारा जमकर खरीददारी कर मेले का आनंद लिया। वही मेले मे लगे झूलों पर अनवरत भीड़ बनी रही। वही नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मेले का भरपूर आनंद लिया। मकर संक्राति पर जिले व प्रदेश के बरमान मेले का भी लोगों द्वारा आनंद लिया गया। ज्ञात हो कि बरमान घाट मे लगने वाले मेले मे लोग कई जिलों से आते है।

### पुलिस की रही चौकसी

मकर संक्रांति के त्यौहार को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा मां नर्मदा के सभी घाटों पर पुलिस तैनात कर दी गई। वही स्थानीय दुकानदारों व लोगों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था की समझाइस देकर निगरानी रखी गई। पुलिस द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से मां नर्मदा के सभी घाटों पर सीसीटीव्ही कैमरों और ड्रोन की मदद ली गई। मकर संक्रांति पर नरसिंहपुर जिले के अतिरिक्त सागर, दमोह, सिवनी, छिंदवाड़ा जिले से भी मां नर्मदा मे डुबकी लगाने पहुंचे और पुण्य लाभ अर्जित किया। पुलिस की चौकसी के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था तथा कई स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट बना चेकिंग भी की गई।

### ओवरलोड सवारी वाले वाहनों पर कार्रवाई



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार बरमान मेला अंतर्गत स्थित चैक प्वाइंट पर जिला परिवहन अधिकारी व टीम द्वारा बुधवार को ओवरलोड सवारी वाहनों को चैक कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान 30 ओवरलोड बसों एवं मालवाहकों को ओवरलोड सवारी वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कमी पाए जाने पर 5 वाहनों पर 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन चालकों को मेला अवधि के दौरान ओवरघ्लोर्डिंग करके वाहन न चलाएं और नियमानुसार ही वाहन चलाने की समझाइश दी। उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति के अवसर पर जिले के बरमान घाट में प्रसिद्ध बरमान मेले का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जाता। मेले के दौरान बरमान घाट में हजारों व लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी व टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।




# पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

पूर्व सैनिक दिवस (वेटरन्स डे) के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नरसिंहपुर में सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की सेवा में समर्पित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था। समारोह में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल भार्गव (सेनि) एवं पार्षद श्री रूद्रेश तिवारी ने वरिष्ठ एवं पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को शाल- श्रीफल और फूल माला पहनाकर सम्मान किया। पूर्व सैनिक दिवस पर थल सेना अध्यक्ष के संदेश का वाचन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल भार्गव (सेनि) ने किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और एनसीसी के विद्यार्थी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी 1953 को भारतीय सशस्त्र बलों के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा सेवानिवृत्त हुए थे। उनके व भूतपूर्व सैनिकों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

# अभाविप द्वारा एक दीप राष्ट्र के नाम कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के पुण्य अवसर पर प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में एक दीप राष्ट्र के नाम कार्यक्रम संगठन से जुड़े पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में संगठन की विशिष्ट कार्यपद्धति से स्नेहसंवाद और राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित, भव्य व दिव्य स्वरुप मे राष्ट्रभक्ति व आत्मीय भावना से संपन्न हुआ। जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक चेतना और आपसी समन्वय का विस्तार व सुदृढ़ीकरण करना रहा। सर्वप्रथम दीपदान के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना के साथ एक-एक दीप प्रज्वलित कर अपने मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे पंच परिवर्तन (स्व का बोध, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता व नागरिक कर्तव्य निर्वहन) मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका व कर्तव्यों के प्रति संकल्प व्यक्त किया। इसके पश्चात अनुभव कथन का साझा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व कार्यकर्ताओं ने अपने संगठनात्मक अनुभव, संघर्ष, उपलब्धियाँ और युवाओं के लिए मार्गदर्शनपूर्ण विचार साझा किए। वहीं वर्तमान कार्यकर्ताओं ने संगठन के साथ अपने जुड़ाव, दायित्वों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। यह सत्र विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायी एवं ऊर्जा से भरपूर रहा। यहाँ उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ताओ के लम्बे समय तक चले संघर्षपूर्ण आंदोलन के पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के नाम से महाविद्यालय का नामकरण व उनकी प्रतिमा स्थापित हुई है, उसी समय से प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है जिसमे कार्यकर्ता अपने परिवारजनो के साथ सम्मलित होकर गौरवान्वित होते है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन हुआ, जिससे पीढ़ियों के बीच संवाद-सम्बन्ध और सहयोग की भावना और अधिक प्रबल हुई। सभी ने संगठनात्मक एकता, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। इस अवसर पूर्व व वर्तमान अनेक कार्यकर्ता सपरिवार व वर्तमान अभाविप पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने युवाओं के नेतृत्व में सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# ओवरलोड सब स्टेशनों में पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड नरसिंहपुर व्रत के अंतर्गत आने वाले सभी ओवरलोड सब स्टेशन में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य तेज गति से चल रहा है। नरसिंहपुर संचा / संधा संभाग अंतर्गत डाँगीढाना वितरण केंद्र के अंतर्गत बहोरीपार सब स्टेशन ओर उसरी सब स्टेशन में दो अलग अलग सब स्टेशन में अतिरिक्त 3.15 एम व्ही ए पावर ट्रांसफार्मर रखने से क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव सुखा, संग्रामपुर ,सहजपुरा, पांसी के किसानों को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगा। इसी प्रकार उसरी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले गांव उसरी, जामुन, झिरिया ,जटलापुर, गोवावरी पिपरिया, किसलय अन्य गांव के उपभोक्ताओं को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्तव और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले, एस टी एम कार्यपालन अभियंता प्रियांक दीपक के सख्त निर्देश जारी किए हैं कि ऐसे पूरे व्रत ओर संचाध्संधा अंतर्गत आने वाले सभी ओवर लोडिंग सब स्टेशन को चिन्हित कर क्रम में पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य किए जाएं और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जा रही है जिससे क्षेत्र की जनता को वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही होरीपार ओर उसरी के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा विभाग ओर सभी वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया कि सालों से चली आ रही समस्या का निराकरण तत्काल प्रभाव से लागू होने से सभी को राहत मिलेगी।

# धार्मिक स्थल के पास गंदगी का अंबार स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां



**गोटेगांव।** भारत के प्रधान सेवक द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान को गोटेगांव में जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते ग्रहण लग रहा है। नगर की जनपद पंचायत के समीप स्थित दीनदयाल रसोई के पास बने भगवान भोलेनाथ के मंदिर के इर्द-गिर्द गंदगी का भारी अंबार लगा हुआ है। विडंबना यह है कि सनातन आस्था के प्रतीक महादेव के मंदिर के बिल्कुल किनारे कचरे के ढेर लगे हैं, जहाँ अपने कार्यों से आने वाले लोग प्रसाधन कर रहे हैं। इस धार्मिक स्थल की मर्यादा को तार-तार होते देख भी प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।*प्रशासनिक लापरवाही से चरमराई सफाई व्यवस्था*जनपद पंचायत प्रांगण और दीनदयाल रसोई के पास बढ़ती गंदगी के प्रति अधिकारी पूरी तरह उदासीन नजर आ रहे हैं। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल केवल यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि तहसील कार्यालय की स्थिति भी बदहाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तहसील कार्यालय में लंबे समय से झाड़ू तक नहीं लगी है, जिससे पूरे परिसर में धूल और कचरे का साम्राज्य फैला हुआ है। प्रशासन की इस बेरुखी के कारण सरकारी कार्यालयों और उनके आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है।*दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने से नागरिकों में रोष*धार्मिक स्थल के समीप फैली इस गंदगी को लेकर श्रद्धालुओं और नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मंदिर में श्रद्धा रखने वाले भक्तों का कहना है कि आसपास संचालित व्यावसायिक दुकानों के संचालक अपना अपशिष्ट कचरा निकालकर खुले में फेंक देते हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और अस्वच्छता का माहौल बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाए और मंदिर परिसर के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

# सांकल घाट में परंपरागत मेले का भव्य शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति



**गोटेगाँव।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोटेगाँव ग्रामीण मंडल के सांकल घाट में आयोजित परंपरागत मेले का शुभारंभ आज विधिवत एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शुभारंभ अवसर पर गोटेगाँव के लोकप्रिय विधायक श्री महेन्द्र नागेश जी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटैल जी, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री निधान सिंह पटैल जी, मंडल अध्यक्ष श्री अभिषेक पटैल जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री एकम सिंह पटैल जी, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्री दादूराम पटैल जी, सांसद प्रतिनिधि श्री पंकज चौकसे जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश पटेल , पूर्व जनपद अध्यक्ष संतोष दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सांकल घाट के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक मेले आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता एवं लोकसंस्कृति को सुदृढ़ करते हैं।मेले के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन, ग्रामीणजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन से सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा एवं उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा।

# नर्मदा घाटों पर रही विशेष भीड़



**तेंदूखेड़ा**

पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर मकर संक्रांति पर्व को लेकर विशेष भीड़ भाड़ देखने को मिली 13 जनवरी की रात्रि से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने अपने बाहनों ट्रेक्टरों से नर्मदा तटों पर पहुंच गये थे। मुहुर्त में स्नान कर पूजन अर्चन किया गया।इस बार 14 जनवरी को एकादशी होने के कारण विशेष महत्व होने और 15 जनवरी को भी मुहुर्त होने के कारण बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह सिमरिया शोकलपुर घाटों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे।ककरा घाट पर भंडारों का आयोजन किया गया श्रद्धालुओं ने भर्ता बाटी बनाकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### *नर्मदा पुराण कथा का आयोजन*

**तेंदूखेड़ा** पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट राजा बलि की यज्ञ स्थली में फट्टी वाले बाबा द्वारा मां नर्मदा के पावन तट पर संगीतमय मां नर्मदा पुराण का आयोजन 13 जनवरी से 21 जनवरी तक पं दीपक कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से ही आयोजित किया गया है। प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम 05 बजे तक चलने वाले इस महापुराण को श्रवण करने के लिए क्षेत्रीय श्रोता श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की गई है।21 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। पहले दिन कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ किया गया जिसमें स्थानीय श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।